टर्नर पुरस्कार 2024

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में भारतीय **मूल की स्कॉटिश कलाकार जसलीन कौर ने** अपनी प्रदर्शनी **“ऑल्टर अल्टर”** (जिसमें व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक विषयों का मिश्रण प्रदर्शित किया गया) **के लिये** प्रतिष्ठित **टर्नर पुरस्कार 2024 जीता।**

- **ऑल्टर अल्टर में** रोज़मर्रा की वस्तुओं जैसे **डोइली से ढकी कार (Doily-Covered Car)** एवं **पारिवारिक फोटो को प्रदर्शित किया गया, जिसमें मीरी पीरी (राजनीतिक-आध्यात्मिक संतुलन)** की सिख अवधारणा पर प्रकाश डालने के क्रम में **सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मिश्रण किया गया तथा कला के माध्यम से सह-अस्तित्व** संबंधी नवीन दृष्टिकोण प्रस्तुत किये गए।
- **टर्नर पुरस्कार:** इसकी शुरुआत **वर्ष 1984 में पैट्रन्स ऑफ न्यू आर्ट** नामक समूह द्वारा की गई थी तथा यह **समकालीन ब्रिटिश कला** से संबंधित सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है।
    - इस वर्ष इस पुरस्कार की **40वीं वर्षगाँठ** है। इससे पूर्व के भारतीय मूल के विजेता **अनीश कपूर (वर्ष 1991)** थे।

और पढ़ें: [बुकर पुरस्कार 2024]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/turner-prize-2024